## महत्वपूर्ण एवं खास

### 34 वें चक्रधर समारोह
### हॉटल प्रबंधक एवं संचालक के संबंध में बैठक 10 जुलाई को

रायगढ़। 34 वें चक्रधर समारोह 2018 का आयोजन 13 से 22 सितम्बर तक स्थानीय रामलीला मैदान में किया जाएगा। समारोह में आमंत्रित विशिष्ट एवं अतिविशिष्ट जनों एवं कलाकारों के रहने-ठहरने, भोजन एवं जलपान इत्यादि की व्यवस्था हेतु कलेक्टर रायगढ़ की अध्यक्षता में 10 जुलाई को अपरान्ह 3 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आहूत की गई है।

### ग्राम सरवानी के पंचायत सचिव चनेशराम डनसेना निलंबित

रायगढ़। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी ने जनपद पंचायत खरसिया ग्राम पंचायत सरवानी के ग्राम पंचायत सचिव चनेशराम डनसेना को स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण के हितग्राहियों की चयन सूची को कुटरचित ढंग से अनुमोदित कराने के लिए दोषी पाए जाने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय जनपद पंचायत खरसिया निर्धारित किया गया है तथा निलंबन अवधि में इन्हें नियमानुसार जीवन-निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

### आरटीई पोर्टल के माध्यम से 12 जुलाई तक प्रवेश हेतु द्वितीय अवसर

रायगढ़। निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) अंतर्गत अशासकीय निजी शालाओं में आगामी 12 जुलाई तक प्रवेश हेतु द्वितीय अवसर प्रदान किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार ऐसे छात्र जो पोर्टल में पंजीकृत हो चुके है एवं जिन्होंने एक ही विकल्प दिया है तथा उन्हें विद्यालय में प्रवेश प्राप्त नहीं हुआ है उन समस्त छात्रों के लिए पोर्टल को पुनः एक बार 5 जुलाई से 12 जुलाई 2018 तक प्रवेश की कार्यवाही हेतु खुला रखा गया है। संबंधित प्रभावित पालक एवं छात्र पोर्टल में अपने पूर्व आवेदन क्रमांक के साथ लॉगिन कर सकेंगे एवं अपने विकल्प में एक से अधिक शालाओं का चयन कर सकेंगे। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए जिला शिक्षा अधिकारी, रायगढ़ कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

### सामान्य सभा की बैठक 9 जुलाई को

रायगढ़। जिला पंचायत रायगढ़ के सामान्य सभा की बैठक 9 जुलाई को दोपहर 2 बजे से जिला पंचायत रायगढ़ के सभाकक्ष में आहूत की गई है। बैठक में जल संसाधन विभाग समस्त परियोजना के विभागीय कार्यो की जानकारी एवं चर्चा, वन विभाग अंतर्गत स्वीकृत कार्यो की जानकारी, वर्ष 2018-19 प्रधानमंत्री आवास स्वीकृति की जानकारी, लोक निर्माण विभाग सेतु अंतर्गत स्वीकृत कार्यो की जानकारी, लोक निर्माण विभाग अंतर्गत स्वीकृत कार्यो की जानकारी, पूर्व बैठक की कार्यवाही विवरण तथा जिला पंचायत अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषयों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी।

### सुशांत राणा की सड़क दुर्घटना में मृत्यु

रायगढ़। रायगढ़ जिले के ग्राम-बनोरा निवासी सुशांत राणा की 5 फरवरी 2018 को सड़क दुर्घटना के कारण आकस्मिक मृत्यु हो गई। एसडीएम रायगढ़ द्वारा नायब तहसीलदार रायगढ़ की अनुशंसा पर मृतक के पिता मनबोध राणा को 25 हजार रुपए की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### सर्वशिक्षा अभियान एवं शिक्षा विभाग द्वारा संचालित गतिविधियों के संबंध में समीक्षा बैठक 9 जुलाई को

रायगढ़। सर्वशिक्षा अभियान एवं शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों के संबंध में 9 जुलाई को पूर्वान्ह 11 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय रायगढ़ के सभाकक्ष में समीक्षा बैठक आहूत की गई है। बैठक में निःशुल्क पाठ्यपुस्तक एवं गणवेश वितरण तथा ऑनलाईन प्रविष्टि की जानकारी, सर्वशिक्षा अभियान अंतर्गत स्वीकृति निर्माण कार्यो में से अपूर्ण कार्यो का फोटोग्राफ्स एवं प्रतिवेदन एवं अन्य विषयों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी।

### सीएसआर शिक्षकों की नियुक्ति के संबंध में शैक्षणिक दस्तावेजों का परीक्षण 8 जुलाई को

रायगढ़। रायगढ़ जिले के शासकीय हाई/हायर सेकेण्डरी स्कूलों में अंग्रेजी, गणित, रसायन, भौतिकी, जीव विज्ञान, वाणिज्य विषय हेतु उद्योगों द्वारा सीएसआर शिक्षकों की नियुक्ति की जानी है। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्राप्त आवेदनों का जिला स्तर पर परीक्षण उपरांत योग्यता अनुसार सूची तैयार की गई है। सीएसआर नियुक्ति के संबंध में 8 जुलाई को सेंट जेवियर स्कूल बोईरदादर रायगढ़ में पूर्वान्ह 11 बजे से शैक्षणिक दस्तावेजों का परीक्षण किया जाएगा। चयनित सूची विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय को उपलब्ध करा दी गई है। संबंधित अभ्यर्थी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते है।

# क्वार्टर फाइनल आज से, क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली 8 में से 4 टीमें पहले चैंपियन रह चुकी हैं!




मॉस्को. इंग्लैंड की कोलंबिया पर जीत के साथ ही वर्ल्ड कप में क्वार्टर फाइनल लाइनअप तय हो गई. इंग्लैंड की टीम अब अंतिम-8 में स्वीडन से खेलेगी. इसी दिन रूस और क्रोएशिया आमने-सामने होंगे. दो अन्य क्वार्टर फाइनल में फ्रांस-उरुग्वे और ब्राजील-बेल्जियम के बीच मुकाबला होगा. क्वार्टर फाइनल पहुंचने वाली आठ में से चार टीमें ब्राजील, उरुग्वे, फ्रांस और इंग्लैंड पहले भी चैंपियन बन चुकी हैं. जबकि, 4 टीमें बेल्जियम, स्वीडन, रूस और क्रोएशिया एक भी बार चैंपियन नहीं बन सकी हैं. ये चारों टीमें कभी फाइनल में भी नहीं पहुंची हैं. क्वार्टर फाइनल लाइनअप और सेमीफाइनल लाइनअप से तय है कि ब्राजील, बेल्जियम, उरुग्वे और फ्रांस में से कोई एक टीम ही फाइनल खेलेगी. वहीं दूसरी फाइनलिस्ट इंग्लैंड, स्वीडन, रूस और क्रोएशिया में से कोई एक टीम होगी. इन चारों टीमों में से सिर्फ इंग्लैंड ही एक बार चैंपियन बना है.

उसने 1966 में खिताब जीता था. यानी, अगर इंग्लैंड फाइनल में पहुंचा तो वह 52 साल बाद खिताबी मुकाबले में उतरेगा. अगर इंग्लैंड क्वार्टर या सेमीफाइनल में हार जाता है तो उसके पूल से स्वीडन, रूस या क्रोएशिया में से कोई एक पहली बार फाइनल खेलेगा.

## दूसरा टी-20 : इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज जीतने के लिए उतरेगा भारत, जाने प्लेइंग इलेवन के बारे में!




दूसरा टी-20 मैच 6 जुलाई शुक्रवार को कार्डिफ के सोफिया गार्डन्स स्टेडियम में खेला जाना है। इस दूसरे टी-20 के चलते ही हम आपकों अपने इस खास लेख में भारतीय टीम की संभावित एकादश के बारे में बताएंगे।

नई दिल्ली। तीन मैचों की टी 20 शृंखला का पहला मैच भारत ने जीत लिया है। इस मैच में भारत ने खेल के हर क्षेत्र में इंग्लैंड को बुरी तरिके से पछाड़ा है। इस मैच को जीतने के बाद टीम कोई ढिलाई नहीं बरतना चाहेगी और इस मैच को जीतकर शृंखला को अपने नाम करना चाहेगी। सीरीज का

**आइये डालते है भारत की संभावित प्लेइंग इलेवन पर एक नजर -**

**रोहित शर्मा, शिखर धवन, केएल राहुल, विराट कोहली (कप्तान), सुरेश रैना, एमएस धोनी, हार्दिक पंड्या, भुवनेश्वर कुमार, कुलदीप यादव, उमेश यादव, युज्वेंद्र चहल**

### रोजर फेडरर, गेल मोनफिल्स ग्रैंड स्लैम विबलंडन के तीसरे दौर में



नई दिल्ली। मौजूदा विजेता वर्ल्ड नंबर-2 स्विट्जरलैंड के रोजर फेडरर, फ्रांस के गेल मोनफिल्स और अमेरिका के सैम क्वेरी ने साल के तीसरे ग्रैंड स्लैम विबलंडन के तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। वहीं फ्रांस के लुकास पाउइले को हार कर टूर्नामेंट से बाहर जाना पड़ा है। फेडरर ने पुरुष एकल वर्ग के दूसरे दौर के मैच में स्लोवाकिया के लुकास लास्को को 6-4, 6-4, 6-1 से परास्त किया।

## क्वार्टर फाइनल से पहले इंग्लैंड को लग सकता है बड़ा झटका

मास्को। कोलंबिया के खिलाफ रोमांचक मैच में पैनल्टी शूटआउट से जीत हासिल करने वाली इंग्लैंड को क्वार्टर फाइनल से पहले एक झटका लग सकता है। इंग्लैंड के स्ट्राइकर जैमी वार्डी पर अगले मैच में खेलने को लेकर संदेह बना हुआ है। आपको बता दें कि शनिवार (7 जून) को इंग्लैंड, समारा एरिना में स्वीडन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में खेलेगी।

दरअसल, वार्डी को गंभीर चोट आई है। इस वजह से वह अगले मैच से बाहर हो सकते हैं। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक, वार्डी अंतिम-16 के मैच में मंगलवार को कोलंबिया के खिलाफ दूसरे हाफ में रहीम स्टर्लिंग के स्थान पर मैदान पर उतरे थे।

यह मैच पैनल्टी शूटआउट में गया था और आखिरी पेनाल्टी लेने का जिम्मा वार्डी के हिस्से आना था लेकिन यह मौका एरिक डायर को दिया गया। अब इस बात की पुष्टि हो चुकी है कि वार्डी को मैच के अतिरिक्त समय में चोट लगी थी और इसी कारण उन्होंने इंजेक्शन लिया था।

गौरतलब है कि स्पार्टक स्टेडियम में खेले गए प्री-क्वॉर्टर फाइनल मुकाबले में इंग्लैंड ने कोलंबिया को पैनल्टी शूटआउट में 4-3 से हराया। इंग्लैंड ने मैच के 57 वें मिनट में अपने कप्तान हैरी केन के पैनल्टी पर किए गए गोल की मदद से कोलंबिया पर 1-0 की बढ़त बना ली, लेकिन इंजुरी टाइम (93 वें मिनट) में कोलंबिया के येरी मीना ने हेडर के जरिए गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। इसके बाद एक्स्ट्रा टाइम में दोनों ही टीमें कोई गोल नहीं कर सकीं।

## नौटंकी के लिए नेमार हुए ट्रोल, रोनाल्डो ने किया बचाव



मॉस्को। ब्राजील के पूर्व दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी रोनाल्डो ने फीफा विश्व कप के दौरान नेमार पर लगाए गए नाटक करने के आरापों से उनका बचाव किया है। मेक्सिको के कोच जुआन कालोर्स ओसोरिया और डिएगो माराडोना, गैरी लिनेकर और एलन शियरर जैस पूर्व दिग्गज खिलाड़ियों ने मैच के दौरान नाटक करने के लिए नेमार की आलोचना की है। रोनाल्डो ने बुधवार को कहा, फुटबॉल को कई तरीकों से समझा जाता है और इसे लेकर कई तरह के विचार होते हैं। नेमार खुद को दूसरों से बचाने के लिए अपनी फुर्ती का इस्तेमाल करते हैं। रेफरी उन्हें बहुत कम सुरक्षा प्रदान करते हैं। रोनाल्डो ने कहा, वो एक बेहतरीन खिलाड़ी है। जब मेरे खिलाफ आक्रामक रवैया अपनाया जाता था, तब मुझे लगता था कि मेरे खिलाफ अन्याय हो रहा है। उनकी आलोचना करना बेवकूफी है और वो राष्ट्रीय टीम के साथ जिस तरह से आलोचनाओं का जवाब दे रहे हैं, वह सराहनीय है। पांच बार की विजेता ब्राजील टूर्नामेंट के क्वॉर्टर फाइनल में शुक्रवार को बेल्जियम से भिड़ेगी। नेमार अभी तक अच्छे फॉर्म में नजर आए हैं और उम्मीद की जा रही है कि वो टीम को फाइनल तक पहुंचाने में कामयाब होंगे।

## हैरी केन गोल्डन बूट की रेस में सबसे आगे हैं



मास्को। इंग्लैंड के कप्तान हैरी केन रूस में खेले जा रहे फीफा विश्व कप के 21वें संस्करण में गोल्डन बूट की रेस में सबसे आगे हैं. उनके पीछे क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने वाली बेल्जियम टीम के रोमेलु लुकाकु हैं. हैरी केन ने अब तक छह गोल दागे हैं. टूर्नामेंट अपने दो पड़ाव पार कर चुका है और तीसरे चरण क्वार्टर फाइनल में कदम रखने को है. केन फिलहाल इस विश्व कप में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी हैं. उनके बाद लुकाकु हैं, जिन्होंने चार गोल किए हैं. लुकाकु की टीम बेल्जियम भी अंतिम-8 में जगह बना चुकी है और वह केन को गोल्डन बूट की रेस में अच्छी टक्कर दे सकते हैं.

लुकाकु के साथ चार गोल पुर्तगाल के कप्तान क्रिस्टियानो रोनाल्डो के भी हैं, हालांकि केन को रोनाल्डो से खतरा नहीं है. उनकी टीम चार मैच खेल कर टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी है. मेजबान रूस ने सभी को हैरान करते हुए अंतिम-8 में जगह बनाई है. उसके दो खिलाड़ी इस विश्व कप में तीन-तीन गोल कर चुके हैं. अर्टेम डिज्यूबा और डेनिस चेरिशेव ने अपनी टीम के लिए अब तक तीन-तीन गोल किए हैं. वहीं, फ्रांस के एम्बाप्पे भी इस रेस में केन को अच्छी टक्कर दे सकते हैं. उन्होंने तीन गोल कर अपनी टीम को क्वार्टर फाइनल तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई है. रोनाल्डो के अलावा अर्जेंटीना के दिग्गज खिलाड़ी लियोनेल मेसी से सभी को काफी उम्मीदें थीं, लेकिन मेसी चार मैचों में सिर्फ एक गोल कर पाए.

इन दोनों के अलावा ब्राजील के दिग्गज खिलाड़ी नेमार भी विश्व कप की शुरुआत में गोल्डन बूट के दावेदार माने जा रहे थे, वह हालांकि अब तक चार मैचों में दो गोल ही कर पाए हैं.

## तीन सालों में 62177 लोगों को मिला स्वास्थ्य लाभ

### विधायक रोशनलाल का प्रयास, मेगा हेल्थ कैंप के माध्यम से मरीजों ने कराया उपचार

रायगढ़. शहर विकास के बड़े-बड़े दावे व किसी अन्य तरह से दिखावे की राजनिति तो हर कोई करता है, लेकिन विधायक रोशनलाल अग्रवाल के कार्य इन सब से अलग हैं। वे जितने ईमानदारी से अपने कार्यों को पूरा करते हैं। वहीं जनता की हर परेशानियों को भी दूर करने में लगे रहते हैं और यही कारण है कि आम जनता का सेवक खुद कर मानकर स्वयं साफ-सफाई से लेकर अन्य छोटे कार्यों को भी पूरा करन आम जनता के दुख दर्द को दूर करते हैं, लेकिन इन सब से अलग इनकी सोच यह रही है कि जिले का हर वर्ग के लोग स्वस्थ रहे और यही वजह है कि लगातार पिछले तीन वर्षो से उन्हें जिला स्तरीय मेगाहेलथ कैंप की पहल कर लोगों को स्वास्थ्य लाभ दिया। पिछले तीन सालों में अगर जिला स्तरीय आकड़ा देखा जाए तो अब तक 62 हजार से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य लाभ लिया है।




विदित हो कि विधायक रोशनलाल अग्रवाल की पहल से पिछले तीन सालों से जिला स्तरीय मेगाहेल्थ कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए विकासखंड स्तर पर पंजीयन कराया जाता है और इसके बाद पूरे जिले से आए यहां मरीजों मेगाहेल्थ कैंप के माध्यम से स्वास्थ्य लाभ मिलता है। बताया जा रहा है कि वर्ष 2016 में विकासखंड स्तर पर एक फरवरी से छह फरवरी तक शिविर आयोजित किया गया और इस दौरान समान्य मरीज, संजीवनी योजना, बाल हृदय योजना, बाल श्रवण, चिरायु सहित अन्य योजनाओं के तहत 29244 मरीजों को स्वास्थ्य लाभ मिला था। इसके अलावा वर्ष वर्ष 2016-17 में

विकासखंड स्तर पर 16011 मरीज और फिर जिला स्तरीय शिविर में 2966 कुल मरीज 18977 को स्वास्थ्य लाभ मिला। इसके बाद वर्ष 2018 में 13956 मरीजों ने मेगा हेल्थकैंप के माध्यम से अपना इलाज कराया। लोगों का कहना है कि सभी के स्वास्थ्य के प्रति चिंता करने वाले विधायक के प्रयासों से कई प्रकार के बिमारी से पीड़ित मरीजों का इलाज भी हो गया और गंभीर मरीजों के लिए भी किसी न किसी प्रकार से उनकी सहायता की जा रही है।

**ग्रामीण क्षेत्रों में जबरदस्त सराहना**

ग्रामीण क्षेत्र के लोगों की माने तो मेगाहेल्थ कैंप का असर गांव-गांव में देखा गया। जब स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से गांव-गांव में शिविर लगाया गया था, तो कई प्रकार की बिमारी से पीड़ित लोगों को लाभ मिला। इस दौरान ऐसे कई गरीब तबके के लोग भी शामिल थे, जिन्हें किसी बिमारी के इलाज के लिए आर्थिक समस्याओं से जुझते हुए काफी परेशानियों का झेलना पड़ रहा था, लेकिन विधायक रोशनलाल अग्रवाल की पहल पर लगाए गए स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से उन्हें भी काफी लाभ मिला।

**तीन वर्षो का आकड़ा**

| वर्ष | लाभन्वित मरीज |
|---|---|
| 2016 | 29244 |
| 2017 | 18977 |
| 2018 | 13956 |